**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**26.12.2025/प्रादेशिक समाचार/9:20बजे**

## मुख्य समाचार

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज नई दिल्ली में वीर बाल दिवस के अवसर पर 'प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार' करेंगी प्रदान–प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी इस अवसर पर रहेंगे मौजूद
- मुख्य सचिवों का तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन आज से नई दिल्ली में–मुख्य सचिव संजय गुप्ता हिमाचल से जुड़े अहम मुद्दों का रखेंगे पक्ष।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू आज बिलासपुर के एक दिवसीय प्रवास पर–एंटी चिट्टा वॉकाथॉन में लेंगे भाग
- कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने कहा – प्रदेश सरकार शिक्षण संस्थानों को सर्वश्रेष्ठ बनाने की दिशा में प्रयासरत–शिक्षण संस्थानों को किया जा रहा आधुनिक सुविधाओं से लैस
- आकांक्षी जिला चम्बा को टीबी मुक्त बनाने के लिए भारत सरकार का टीबी मुक्त भारत अभियान प्रगति पर

## राष्ट्रपति राष्ट्रीय बाल पुरस्कार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज नई दिल्ली में वीर बाल दिवस के अवसर पर 'प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार' प्रदान करेंगी। इस वर्ष 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 20 बच्चों को इस सम्मान के लिए चुना गया है, जिन्होंने बहादुरी, खेल और सामाजिक सेवा सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल की हैं। नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में बहादुरी, दृढ़ता और निःस्वार्थ सेवा की कहानियों को उजागर किया जाएगा। कार्यक्रम में देश की समृद्ध विरासत और वीरता की भावना को प्रदर्शित करने वाली सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी होंगी।

## प्रधानमंत्री–वीर बाल दिवस

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीर बाल दिवस पर आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में एक राष्ट्रीय कार्यक्रम में भाग लेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री उपस्थित लोगों को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार विजेता भी मौजूद रहेंगे। वीर बाल दिवस श्री गुरु गोविंद सिंह जी के साहिबज़ादे बाबा ज़ोरावर सिंह जी और बाबा फतेह सिंह जी के वीरतापूर्ण बलिदान को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए मनाया जाता है। अत्याचार के सामने अटूट साहस के प्रतीक और कम उम्र में उनका बलिदान भारतीय इतिहास के सबसे मार्मिक अध्यायों में से एक है।

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू आज बिलासपुर के एक दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वह बिलासपुर में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला के परिसर से सिंथेटिक ट्रैक लुहणू मैदान तक आयोजित की जा रही एंटी चिट्टा वॉकाथॉन में भाग लेंगे। इसके बाद वह विभिन्न विकासात्मक कार्यों का उद्घाटन एवं शिलान्यास भी करेंगे।

## सम्मेलन

दिल्ली में आज से 28 दिसंबर तक होने जा रहे मुख्य सचिवों के पांचवें राष्ट्रीय सम्मेलन में हिमाचल प्रदेश पहाड़ी राज्यों से जुड़े अहम मुद्दों को मजबूती से उठाएगा। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में होने वाले इस सम्मेलन में हिमाचल की ओर से मुख्य सचिव संजय गुप्ता और अतिरिक्त मुख्य सचिव राकेश कंवर हिस्सा लेंगे।'विकसित भारत' के लक्ष्य को ध्यान में रखकर आयोजित इस सम्मेलन में ह्यूमन कैपिटल, सुशासन, प्रशासनिक सुधार, नीति समन्वय और सतत विकास से जुड़े पांच प्रमुख विषयों पर चर्चा होगी, जबकि थिमेटिक मील के दौरान आयुष क्षेत्र पर भी विशेष मंथन प्रस्तावित है। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य केंद्र और राज्यों के बीच बेहतर तालमेल बनाना, सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा करना और राज्यों की विशेष जरूरतों को राष्ट्रीय स्तर पर सामने रखना है।

**कृषि मंत्री**

कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने कहा है कि प्रदेश सरकार सरकारी शिक्षण संस्थानों को सर्वश्रेष्ठ बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि सरकार शिक्षण संस्थानों की संख्या बढ़ाने के बजाय उन्हें आधुनिक सुविधाओं से लैस करने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार कम संख्या वाले शिक्षण संस्थानों को निकटवर्ती बेहतर संस्थानों के साथ जोड़ने की दिशा में कार्य कर रही है, जिससे छात्रों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा मिल सके। उन्होंने ये बात काँगड़ा के ज्वाली विधानसभा क्षेत्र के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय घाड़ जरोट के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि कही । उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में चरणबद्ध तरीके से डे–बोर्डिंग स्कूल खोल रही है, जिनमें आधुनिक सुविधाएँ जैसे इंडोर स्टेडियम, खेल सुविधाएं और अन्य आधारभूत ढांचे विकसित किए जा रहे हैं। इस दौरान उन्होंने मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया।

**टीबी मुक्त अभियान**

आकांक्षी जिला चम्बा को टीबी मुक्त बनाने के लिए भारत सरकार का टीबी मुक्त भारत अभियान प्रगति पर है। इस अभियान के तहत फील्ड में जाकर स्वास्थ्य कर्मी रोगियों की पहचान कर उनका उपचार कर रहे हैं। वर्तमान में जिला चम्बा में 700 के करीब टीबी रोगियों का उपचार चल रहा है। रोगियों की पहचान करने के लिए हैंड हेल्ड एक्स रे मशीनों को भी उपयोग में लाया जा रहा है वहीं जिला के दूरदराज गांव को इस अभियान के तहत कवर करने के लिए मोबाइल वैन भी अपनी भूमिका निभा रही हैं। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे चंबा जिला संवाददाता–

**डिस्पैच**–

टीबी मुक्त भारत अभियान के आने के बाद इस बीमारी को जड़ से खत्म करने के लिए जिला चंबा में बेहतर कार्य हुआ है। बलगम की जांच के लिए जहां जिला चम्बा में 17 जांच केंद्र चल रहे हैं वहीं 2 हैंड हेल्ड मशीनों व मोबाइल वैन के माध्यम से भी गांव गांव जाकर स्वास्थ्य कर्मी लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर रहे हैं ताकि टीवी के लक्षण पाए जाने पर तुरंत इसका उपचार शुरू किया जा सके। वहीं निक्ष्य पोषण योजना के तहत भी टी बी रोगियों को सहायता राशि उपलब्ध करवाई जा रही है ताकि ऐसे रोगियों को सही पोषण मुहैया करवाया जा सके। टीवी रोगियों के पोषण के लिए मिलने वाली धनराशि में भी हाल ही में भारत सरकार ने इजाफा किया है। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से अपील की है की अगर टीवी जैसे लक्षण दिखें तो तुरंत स्वास्थ्य केंद्र में संपर्क करें क्यूंकि ये लाइलाज बीमारी नहीं है। समय पर उपचार से इस बीमारी को जड़ से ख़त्म किया जा सकता है।

**कुलदीप राठौर**

केंद्र सरकार द्वारा न्यूजीलैंड से मुक्त व्यापार समझौते, एफटीए के तहत सेब पर 50 फीसदी आयात शुल्क को कम करके इसे 25 प्रतिशत करने पर कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता और ठियोग से कांग्रेस विधायक कुलदीप सिंह राठौर ने रोष जताया है। उन्होंने केंद्र सरकार को सेब पर आयात शुल्क को कम न करने की मांग की हैं। उन्होंने प्रधान मंत्री को हिमाचल में किए वादे को भी याद दिलाया है। उन्होंने प्रदेश के भाजपा नेताओं और सांसदों को केंद्र सरकार के समक्ष इस मुद्दे को उठाने को कहा है । उन्होंने कहा की यह फैंसला बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है।

**हड़ताल**

आईजीएमसी शिमला में मरीज से मारपीट पर आरोपी डॉक्टर को बर्खास्त करने के मामले पर आज रेजिडेंट डॉक्टर एसोसिएशन हड़ताल पर रहेंगे। चिकित्सक संगठनों ने बैठकें कर आज एक दिन का सामूहिक आकस्मिक अवकाश करने का निर्णय लिया है। वहीँ मांगें न मानने पर उन्होंने कल से हड़ताल पर जाने की सरकार को चेतावनी दी है। अपनी मांगों को लेकर आज

रेजिडेंट डॉक्टर मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू से भी मिलेंगे। उन्होंने मांगें न मानने पर अपने इस निर्णय पर अडिग रहने की घोषणा की है । सामूहिक अवकाश के चलते अस्पतालों में सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं। हालांकि, आपातकालीन सेवाएं जारी रहेंगी।

**एंबुलेंस कर्मचारी**

प्रदेश के सीटू से सम्बंधित 108 व 102 एंबुलेंस कर्मचारी यूनियन बीती रात से दो दिवसीय प्रदेशव्यापी हड़ताल पर हैं। यह हड़ताल 48 घंटे कि राखी गयी है जो 27 दिसंबर को शाम आठ बजे समाप्त होगी। इस दौरान प्रदेशभर में एंबुलेंस सेवाएं प्रभावित रहेगी । हड़ताल के दौरान दोनों दिन प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों सहित विभिन्न स्थानों पर श्रम कानूनों व न्यायिक आदेशों को लागू करने, न्यूनतम वेतन व कर्मचारियों की प्रताड़ना जैसे विभिन्न मांगो को लेकर यह कर्मचारी प्रदर्शन भी करेंगे।

**अब सुर्खियां समाचार पत्रों से**

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है।

आईजीएमसी में डॉक्टर की बर्खास्तगी के विरोध में चिकित्सक संगठनों के फैसले पर अमर उजाला की सुर्खी है–**हिमाचल में डॉक्टर आज सामूहिक अवकाश पर, कल से हड़ताल।** दिव्य हिमाचल लिखता है–**बर्खास्त डॉक्टर के पक्ष में डॉक्टर्ज, आज मुख्यमंत्री से करेंगे मुलाकात, टर्मिनेशन रद्द करने और सुरक्षा कार्रवाई करने की मांग।** दैनिक जागरण के शब्द हैं–**आज सामूहिक अवकाश पर दो हजार 8 सौ 50 डॉक्टर।** हिमाचल दस्तक ने मुख्यमंत्री के हवाले से लिखा है–**आईजीएमसी में डॉक्टर ने मरीज के साथ जो किया वो गलत था।**

पंजाब केसरी ने खबर दी है–**नववर्ष सैलिब्रेशन के लिए हिमाचल पुलिस तैयार, अलर्ट पर सभी जिला पुलिस, नशे में वाहन चलाने, हुड़दंग जैसी गतिविधियों पर जीरो टॉलरैंस नीति अपनाई जाएगी।** वहीं आपका फैसला ने मुख्यमंत्री के बयान को सुर्खी दी है–**देवभूमि में पर्यटकों को कोई भी असुविधा नहीं होनी चाहिए।** मौसम पर दैनिक भास्कर का शीर्षक है–**पहाड़ों में बर्फ, क्योंकि 28 से पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव।**

**"अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर "**

–

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज नई दिल्ली में वीर बाल दिवस के अवसर पर 'प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार' करेंगी प्रदान–प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी इस अवसर पर रहेंगे मौजूद
- मुख्य सचिवों का तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन आज से नई दिल्ली में–मुख्य सचिव संजय गुप्ता हिमाचल से जुड़े अहम मुद्दों का रखेंगे पक्ष।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू आज बिलासपुर के एक दिवसीय प्रवास पर–एंटी चिट्टा वॉकाथॉन में लेंगे भाग
- कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने कहा – प्रदेश सरकार शिक्षण संस्थानों को सर्वश्रेष्ठ बनाने की दिशा में प्रयासरत–शिक्षण संस्थानों को किया जा रहा आधुनिक सुविधाओं से लैस
- आकांक्षी जिला चम्बा को टीबी मुक्त बनाने के लिए भारत सरकार का टीबी मुक्त भारत अभियान प्रगति पर

**इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। हमारा अगला बुलेटिन आप सुन सकते हैं सुबह 11:00बजे नमस्कार**